तापमान
अधिकतम 39 .6 डिग्री
न्यूनतम 25 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

**रोहतक**, शनिवार, 21 जून 2025

12 मिशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 36 शिक्षक सम्मानित



12 नालों की सफाई को लेकर एक्शन में दिखे डीसी



**खबर संक्षेप**

### सहेली ने चुरा लिए महिला के घर से जेवर

**पानीपत।** पानीपत में युवती द्वारा सहेली के घर चोरी करने का मामला सामने आया है। महिला अपनी दोस्त के घर आई थी और अलमारी से गहने चुराकर ले गई। युवती चालाकी से एक्सीडेंट जका बहाना बनाकर घर से निकल गई। 18 जून को संतोष पति के साथ बहन पूनम के घर आई थी। शाम को संतोष ने अपना मंगलसूत्र उतारकर पूनम को दिया। पूनम ने यह मंगलसूत्र अपनी बेटी को अलमारी में रखने को दिया। उनकी दोस्त वर्षा यह सब देख रही थी। अगली सुबह वर्षा ने अचानक जाने की बात कही। उसने बताया कि उसके होने वाले पति के भाई का एक्सीडेंट हो गया है। पुलिस ने वर्षा के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

### कार को बचाते हुए बस नहर में गिरने से बची

**पानीपत।** पानीपत में रोडवेज बस अचानक सामने से आई कार को बचाने के चक्कर में नहर की रेलिंग से टकरा गई। हादसा इतनी तेजी से हुआ कि ड्राइवर ने किसी तरह बस को नहर में गिरने से रोका। अचानक तेजी से ब्रेक लगने से बस करीब 20 फीट तक घिसटती हुई गई। हादसा पानीपत क्रास कर बड़वासनी रोड पर हुआ। हादसे से बस में सवार लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ज़ कहना था कि जरा सी भी देरी हो जाती तो पूरी बस नहर में समा जाती। हादसे के वक्त बस में करीब 60 यात्री सवार थे। रेलिंग से टकराने के बाद बस को नुकसान हुआ है।

### नपा कर्मी कल सीएम कैंप कार्यालय पर करेंगे प्रदर्शन

**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर आज कैथल ब्लॉक की विस्तारित मिटिंग ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान की अध्यक्षता मे हुई। ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान व जिला प्रधान गौरव टाँक ने कहा कि हरियाणा सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में 22 जून को मुख्य मन्त्री कैंप कार्यालय और 23 को कैबिनेट मन्त्री कृष्ण बेदी के आवास नरवाणा में झाड़ उल्टे लेकर प्रदर्शन में भाग लेंगे।

## ब्रह्मसरोवर पर राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम आज, मुख्यमंत्री नायब सैनी व योग गुरु बाबा रामदेव करेंगे शिरकत

# एक लाख साधक योगाभ्यास कर बनाएंगे विश्व रिकॉर्ड

### ब्रह्मसरोवर परिसर को 64 सेक्टरों में किया विभाजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- मेला ग्राउंड को 37 सेक्टरों में बांटा, 31 एलईडी स्क्रीन लगाई

कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर पर आज 21 जून शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा जिसमें एक लाख से अधिक योग साधक योग अभ्यास करके विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा कार्यक्रम क्षेत्र की ड्रोन कैमरों से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जाएगी। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। पंतजलि योगपीठ के स्वामी रामदेव के सान्निध्य में योग कार्यक्रम को किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुष एवं स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा कुमारी आरती सिंह राव करेंगी। योग महाकुंभ को जिला प्रशासन, आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग व पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सहयोग से राज्य स्तरीय कार्यक्रम को सफलतापूर्वक मनाया जाएगा। लघु सचिवालय के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के अवसर पर कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्यस्तरीय योग कार्यक्रम एक नए आयाम स्थापित करेगा। इस कार्यक्रम में 1 लाख से अधिक प्रतिभागी भाग लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक नया विश्व रिकार्ड बनाने का काम करेंगे। इस योग कार्यक्रम पतंजलि योगपीठ, हरियाणा योग आयोग व जिला की विभिन्न संस्थाओं के 1 लाख से अधिक प्रतिभागी शिरकत करके एक नया विश्व रिकार्ड बनाने का काम करेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



कुरुक्षेत्र। ब्रह्मसरोवर के पुरुषोतमपुरा बाग में लगाई गई स्क्रीन।



कुरुक्षेत्र। पुरुषोतमपुरा बाग में योग साधकों के लिए बिछाए गए मैट।

#### यातायात व्यवस्था का पुख्ता प्रबंध

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के राज्यस्तरीय योग कार्यक्रम से विश्व स्तर पर पहचान बनाने का सपना 21 जून को पूरा होने जा रहा है, इस कार्यक्रम में सभी पार्टी के कार्यकतार्ओं, शहर की सभी संस्थाओं, स्कूल व शिक्षण संस्थानों और अधिकारी व कर्मचारी पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में पहुंचने के लिए यातायात व्यवस्था का पुख्ता प्रबंध किया गया है। वाहनों की पार्किंग पर्याप्त मात्रा में चिन्हित कर ली गई है। सफल कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सभी कार्यकतार्ओं को जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के समापन पर सबसे पहले स्कूली विद्यार्थियों को रवाना किया जाएगा।

#### कुवि के शिक्षक, विद्यार्थी करेंगे भागीदारी

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय समारोह 21 जून को प्रातः 6 बजे पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्मसरोवर, कुरुक्षेत्र में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अगुवाई में 21 जून को प्रातः 5 बजे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी व उनके परिजन विश्वविद्यालय के फाइन आर्टस विभाग में हजारों की संख्या में एकत्रित होकर अंतर्राष्ट्रीय योग महाकुंभ में भागीदारी करने के ब्रह्मसरोवर पर पहुंचेंगे।

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय योग महाकुंभ में कुरुक्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित होगा जिसमें 1 लाख योग साथ मिल कर योग करेंगे।

#### ड्रोन कैमरों से निगरानी

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि योग महाकुंभ जिला प्रशासन, आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग व पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सहयोग से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक लाख से अधिक योग साधक योग अभ्यास करके विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। कार्यक्रम क्षेत्र की ड्रोन कैमरों से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जाएगी। इसके लिए ब्रह्मसरोवर परिसर को 64 सेक्टरों और मेला ग्राउंड को 37 सेक्टरों में विभाजित किया गया है, प्रत्येक सेक्टर में 1 हजार प्रतिभागी योग करेंगे। प्रत्येक सेक्टर में एक योग प्रशिक्षक, पतंजलि सदस्य, पुलिसकर्मी, प्रशासनिक नोडल अधिकारी, स्वयं सेवक मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम से सभी प्रतिभागियों को जोड़ने के लिए 31 एलईडी स्क्रीन लगाई गई है, इनमें से 20 ब्रह्मसरोवर परिसर में और 11 मेला ग्राउंड में स्थापित की गई है।

## थानों में बच्चों के लिए नहीं बने चाइल्ड फ्रेंडली रूम

- स्टेट कमिशन ने जताई नाराजगी, एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले के थानों में बच्चों के लिए जरूरी चाइल्ड फ्रेंडली रूम तक नहीं बनाए गए हैं।

यह चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ, जब स्टेट कमिशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स की टीम ने शुक्रवार को महिला थाना और सिविल लाइन थाना करनाल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसी भी थाने में न तो बच्चों के लिए कोई चाइल्ड फ्रेंडली रूम मिला और न ही कोई विशेष सुविधा मौजूद पाई गई।

स्टेट कमिशन के सदस्य डॉ. मांगेराम शर्मा, डॉ. मीना शर्मा, डीसीपीओ रीना रानी और सीडब्ल्यूसी चेयरमैन उमेश कुमार चानना की मौजूदगी में यह निरीक्षण हुआ। टीम ने पाया कि करनाल के थानों में जेजे एक्ट और स्टेट गाइडलाइंस के अनुसार जरूरी व्यवस्थाएं नहीं हैं।

टीम ने इसे गाइडलाइन का उल्लंघन मानते हुए थानों को निर्देश दिए हैं कि एक सप्ताह के भीतर चाइल्ड फ्रेंडली रूम बनाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कमिशन के अनुसार थानों में ऐसा कमरा जरूरी है, जहां का माहौल बच्चों के अनुकूल हो ताकि वे थाने के वातावरण से डरें नहीं। इन कमरों में सादे कपड़ों में विशेष जुवेनाइल पुलिस यूनिट का स्टाफ मौजूद होगा। कमरे में खिलौने, रंग-बिरंगी दीवारें और चित्रकारी से बच्चों को यह महसूस न हो कि वे किसी पुलिस थाने में हैं।



#### विभाग को जाएगी रिपोर्ट

रिपोर्ट स्टेट कमिशन ने करनाल जिले के सभी पुलिस थानों को निर्देश जारी किए हैं कि वे एक सप्ताह के भीतर चाइल्ड फ्रेंडली रूम तैयार कर रिपोर्ट सौंपें, जिसे संबंधित विभाग को भेजा जाएगा ताकि अगली कार्रवाई की जा सके।

यह व्यवस्था बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद अहम मानी गई है।निरीक्षण के दौरान स्टेट कमिशन के सदस्य डॉ. मांगेराम शर्मा और उमेश कुमार चानना ने कहा कि हर थाने में चाइल्ड फ्रेंडली रूम होना अनिवार्य है, लेकिन करनाल के थानों में यह व्यवस्था बिल्कुल नहीं दिखी, जो कि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यदि किसी केस में बच्चा अभिभावकों के साथ थाने आता है, तो वह पुलिस के सख्त माहौल से डर सकता है।

### जमीन बेचने के नाम पर महिला से ठगे पांच लाख रुपये

**यमुनानगर।** जमीन बेचने के नाम पर गांव जागधौली निवासी अंगूरी देवी से पांच लाख रुपये ठग लिए गए। आरोप गांव के कुलवंत सिंह पर लगा है। गांव जागधौली निवासी अंगूरी देवी ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अगस्त 2024 में गांव के ही कुलवंत सिंह ने उसके साथ एक कनाल 17 मरले जमीन बेचने का सौदा तय किया।

यह सौदा नौ लाख रुपये में तय हुआ था। इकरारनामा लिखते समय आरोपी कुलवंत ने उससे चार लाख रुपये बयाना राशि ली। इसमें से तीन लाख रुपये बतौर चेक दिए गए। रजिस्टरी की तारीख सात मार्च तय की गई थी। आरोप है कि कुछ समय बाद आरोपी ने कहा कि एक लाख का चेक पानी में धुल गया है। जिस पर उसने दोबारा से रुपये मांगे। उसने उसे यह रुपये दे दिए।

## मंत्री अनिल विज के पैर में फ्रेक्चर चिकित्सकों ने रेस्ट की सलाह दी

- कुछ दिन पहले लगी थी चोट, दर्द निवारक दवाओं से चला रहे थे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बिजली एवं परिवहन मंत्री अनिल विज के पैर में फ्रेक्चर हो गया है। डॉक्टरों ने उन्हें एक हफ्ते के रेस्ट की सलाह दी है। विज को पिछले महीने चोट लग गई थी। हालांकि तब पैर में फ्रेक्चर होने का अहसास नहीं हो पाया।



दर्द निवारक दवाएं लेकर विज काम करते रहे। अब जब पैर में ज्यादा दर्द होने लगा तो उन्होंने पैर का एक्सरे कराया। इसमें पता चला कि उनके पैर में फ्रेक्चर हुआ है। इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें सलाह दी कि वह कुछ दिन घर पर आराम करें। इस सलाह के बाद अनिल विज अब कुछ दिन के बेड रेस्ट पर हैं।

प्रवक्ता ने बताया कि मंत्री के पैर पर डॉक्टरों ने पट्टी कर दी है। साथ ही मॉडर्न प्लास्टर चढ़ाने के लिए भी कहा है। इसके साथ ही उनको पैर पर जोर न देने के लिए भी कहा गया है। करीबियों के मुताबिक पिछले महीने उन्हें चलते वक्त चोट लग गई थी। उस वक्त उन्हें लगा कि हल्की चोट है। शुक्रवार को दर्द अचानक ज्यादा बढ़ गया तो उन्होंने चेकअप कराया। मंत्री ने पिछले हफ्ते अफसरों के साथ मीटिंग की थी। इसके बाद वह करीब 5 घंटे तक अंबाला कैंट में चल रहे नालों की सफाई के काम का निरीक्षण करते रहे। इस दौरान यह दर्द बढ़ गया। इसके बाद उन्होंने डॉक्टरों से चेकअप कराया।

## प्रॉपर्टी आईडी को लेकर मालिक व बीई में तकरार, मारपीट के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- बिल्डिंग इंस्पेक्टर ने मारपीट की घटना से किया इनकार
- नप अध्यक्ष ने दोनों पक्षों को शांत कर सुलझाया विवाद

अंबाला सदर नगर परिषद में प्रोपर्टी आईडी को लेकर बवाल हो गया। एक शख्स नगर परिषद में प्रॉपर्टी आईडी बनवाने आया तब बिल्डिंग इंस्पेक्टर और शख्स में बहस हो गई। दोनों ने एक दूसरे पर मारपीट के भी आरोप लगाए हैं।

बिल्डिंग इंस्पेक्टर ने कहा वे इस मामले में ईओ और अंबाला पुलिस को शिकायत देंगे। हालांकि हंगामा बढ़ता देख नगर परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने मामले में दखल दिया है। इस मामले में बिल्डिंग इंस्पेक्टर का कहना है कि आज सुबह एक व्यक्ति आया अपनी प्रॉपर्टी आईडी में कुछ इशू लेकर आया था। उसके कागजात पूरे नहीं थे। उसको पूरे कागज करने के लिए कहा। लेकिन, वह कागज पूरे करने की जगह मेरा पीछा करने लगा। उन्होंने बताया कि मेरी व्यक्तिगत जाने की रिकॉर्डिंग की गई है। मारपीट जैसी कोई घटना नहीं हुई है। यह आरोप निराधार हैं। हंगामा बढ़ते देख इस मामले में खुद अध्यक्ष स्वर्ण कौर ने मामले को गंभीर रूप से लिया। दोनों को सहमति से मामले को सुलझाया।

### कांग्रेस के आब्जर्वर आज पानीपत में

**पानीपत।** कांग्रेस पार्टी के आब्जर्वर जयसिंह अग्रवाल 21 जून को सुबह 11 बजे पीड़ब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में पहुंचेंगे। वह यहां पर उन नेताओं से बातचीत करेंगे, जिन्होंने कांग्रेस पार्टी के प्रधान पद के लिए आवेदन किया है। इनके साथ प्रदेश कांग्रेस आब्जर्वर चक्रवर्ती शर्मा, उदयवीर सिंह पुनिया व कंवर जीत सिंह प्रिंस भी होंगे। बताया जा रहा है कि पार्टी आब्जर्वर जिलाध्यक्ष पद के सभी दावेदारों से बातचीत कर उनके विचार जानेंगे तथा उसके बाद पार्टी हाई कमान को उसके बारे अवगत करायेंगे। जिसके बाद जिलाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा।

## पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष समेत कई लोगों पर केस

- भूमि विवाद को लेकर हुआ था झगड़ा, पुलिस ने की जांच शुरू
- कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ने मामले को बताया बेबुनियाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पारिवारिक जमीनी विवाद के चलते एक पक्ष ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष व उसके साथियों पर पीड़ति ने हथियारों को भय दिखाकर उसकी जमीन में जुताई नहीं करने का आरोप लगाया है। पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने मामला कोर्ट में विचाराधीन बताया है और उन पर गलत आरोप लगाने की बात कही है। पुलिस ने फिलहाल पूर्व जिला अध्यक्ष समेत उसके अन्य साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। गाजियाबाद निवासी जमीत कुमार ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि यमुनानगर के गांव रतनगढ़ में उसकी खेती लायक कुछ जमीन है। वह जमीन पर आगामी फसल के लिए जुताई करने के लिए पहुंचा था। इस दौरान वहां पर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार अपने अन्य साथियों के साथ पहुंच गए और उसे हथियारों का भय दिखाकर जबरदस्ती जुताई के कार्य को रुकवा दिया। उसने मामले के बारे में पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने पूर्व जिला अध्यक्ष समेत उसके अन्य साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। थाना सदर यमुनानगर के जांच अधिकारी एसआई बलविंद्र सिंह ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद ही मामले में पूरी जानकारी मिलने की उम्मीद है। जांच में जो सामने आएगा कार्रवाई की जाएगी।

#### मामला कोर्ट में विचाराधीन

पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि उनका रतगढ़ की जमीन पर पारिवारिक विवाद चला आ रहा है। जिसको लेकर गुरूग्राम व यमुनानगर कोर्ट में कई मामले विचाराधीन हैं। कुछ मामलों का फैसला उनके पक्ष में आ चुका है। जबकि कुछ मामले अभी भी अदालत में विचाराधीन हैं। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों ने माना था कि कोर्ट का जो निर्णय आएगा वह दोनों पक्षों को मान्य होगा। मगर कोर्ट के निर्णय आने से पहले जमीन पर जुताई करना गलत है। उनके खिलाफ शिकायतकर्ता ने जो मामला दर्ज करवाया है वह बेबुनियाद है।

### सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री बेदी ने की बैठक की अध्यक्षता

## कष्ट निवारण समिति की बैठक में 15 परिवाद सुलझाए

- 6 परिवादों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक शुक्रवार को जिला सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय, सत्कार, वास्तुकला मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने की।

इस दौरान उन्होंने 15 परिवादों का समाधान किया। जबकि 6 परिवादों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए गए। मामलों की सुनवाई के उपरांत संबंधित विभागों द्वारा उक्त परिवादों के निपटान हेतु की कार्यवाही से शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि के बाद मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने उक्त परिवादों को फाइल करने के निर्देश दिए। जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में परिवाद नम्बर.1 में कर्ण कुमार निवासी गांव हुड़िया सरस्वतीनगर ने गलत निशानदेही किए जाने शिकायत बारे, परिवाद नम्बर 4 में ऋषिपाल सरपंच गांव सलेमपुर साढ़ौरा ने सड़क से कब्जा हटवाने बारे समस्या रखी। कैबिनेट मंत्री ने बीडीपीओ साढ़ौरा को कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। परिवाद नम्बर 5 में गुरचरण सिंह संतपुरा रोड़ यमुनानगर ने शिकायत रखी, जिस पर कैबिनेट मंत्री ने जांच करवाने के निर्देश दिए। इस परिवाद को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। इसी तरह परिवाद नम्बर 6 में गोपी शिवपुरी आईटीआई यमुनानगर ने शिकायत रखी, परिवाद नम्बर 9 में अमन सिंगला जगाधरी ने उनके साथ फ्रॉड होने की शिकायत रखी जिस पर कैबिनेट मंत्री ने एसपी को एसआईटी बनाकर जांच करवाने के निर्देश दिए। इस परिवाद को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। परिवाद नम्बर.18 में मोहन लाल गांव सिली खुर्द रादौर ने मुस्तरका भूमि से मिट्टी खनन करने बारे शिकायत रखी जिस पर एसडीएम रादौर व जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य धनपत सैनी को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए तथा इस परिवाद को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित बैठक के दौरान परिवाद सुनते मंत्री।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर यमुनानगर के उपायुक्त पार्थ गुप्ता, आयुक्त नगर निगम अखिल पिलानी, एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका, नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

### ट्रैक्टर-ट्राली ने व्यक्ति को कुचला, मौके पर मौत

**तरावड़ी।** तरावड़ी जी टी रोड़ के फ्लाईओवर के नीचे ट्रैक्टर-ट्राली ने एक व्यक्ति को कुचल दिया। मृतक ऑटो से उतरकर सडक़ किनारे सामान लेने जा रहा था, तभी पीछे से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह ट्रैक्टर की ट्राली के नीचे आ गया।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मृतक परमजीत 55 वर्ष निवासी गांव सीकरी के रूप में हुई है। शुक्रवार को अपने साथी ओमपाल के साथ ऑटो में सवार होकर घर की तरफ जा रहा था। जब वे तरावड़ी फ्लाईओवर के नीचे पहुंचे, तो परमजीत ने ऑटो रुकवाया कुछ सामान लेने के लिये आटो से नीचे उतरा। वह जैसे ही ऑटो से उतरकर सडक़ पार कर रहा था, तभी ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक परमजीत के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए।

## लॉको पायलट के क्रेडिट कार्ड से 1.05 लाख साफ

- मोबाइल फोन पर लिंक भेजकर की ठगी, पुलिस में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मोबाइल पर इंडसलैंड बैंक का लिंक भेजकर लोको पायलट शीशपाल से एक लाख 4827 रुपये की ठगी हो गई। लोको पायलट की शिकायत पर साइबर सैल ने मामला दर्ज कर लिया है। शीशपाल ने शिकायत में बताया कि वो रेलवे कॉलोनी में रहते हैं और मौजूदा समय में डीआरएम कार्यालय के कंट्रोल सेक्शन में लोको पायलट पद पर तैनात हैं।

23 मई को वो जब ड्यूटी पर थे तो दोपहर 1.56 बजे उनके मोबाइल पर एक व्हाट्सएप काल आई। इस पर एक व्यक्ति बोला कि वो इंडसलैंड बैंक से से बोल रहा है। उनके क्रेडिट कार्ड में अतिरिक्त देय राशि नजर आ रही है। इस उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से एक लिंक भेजा है जोकि चेक कर लो। इसके बाद उन्होंने उस व्यक्ति का फोन होल्ड करवाया। अपने मोबाइल के व्हाट्सएप पर आए लिंक को खोल लिया। इसके बाद संबंधित व्यक्ति ने 16 अंकों को क्रेडिट कार्ड नंबर भरने को कहा जोकि उनके पास नहीं था। इसलिए उन्होंने फोन बंद कर दिया। शाम लगभग 4.20 बजे इंडसलैंड बैंक के कस्टमर केयर से फोन आया। कहने लगे कि अगर आपने कोई लेन-देन किया है तो एक दबाएं अगर नही की है तो तीन दबाएं। उन्होंने तीन नंबर को क्लिक कर दिया। इसके बाद उन्होंने क्रेडिट कार्ड को ब्लॉक करवा दिया। जब उन्होंने अपनी ई-मेल चेक की तो पाया कि इसमें पैसे निकलने के संदेश आए हुए थे।

प्रमोशन के बाद विशेष ट्रेनिंग दी जा रही

# गौरव की उड़ान : करनाल के आशीष ने अमेरिका की आर्मी में बनकर दिखाया सार्जेंट, गांव और परिवार में खुशी की लहर

## आशीष के पिता सुरेश कुमार निजी स्कूल में शिक्षक

हरिभूमि न्यूज :करनाल

हरियाणा के करनाल जिले के गांव गौरगढ़ के 22 वर्षीय आशीष ने अपने जज्बे और मेहनत के दम पर न केवल अपने पिता का सपना पूरा किया, बल्कि अमेरिका की आर्मी में सार्जेंट के पद तक पहुंचकर पूरे गांव और राज्य का नाम भी रोशन किया है। आशीष के पिता सुरेश कुमार एक निजी स्कूल में शिक्षक हैं और खेती-बाड़ी भी करते हैं। उनका सपना था कि बेटा आर्मी में जाए। खुद सुरेश भी सेना में भर्ती होना चाहते थे, लेकिन वे फिजिकल टेस्ट में सफल नहीं हो सके। हालांकि परिवार की पृष्ठभूमि सेना से जुड़ी रही। उनके सगे भाई राजेश और ससुर आर्मी से सेवानिवृत्त हैं।



### ऐसे शुरू हुआ सफर

आशीष ने 12वीं के बाद अगस्त 2021 में स्टडी वीजा पर अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ मिसूरी सेंट लुइस में बैचलर ऑफ साइबर सिक्योरिटी में एडमिशन लिया। परिवार ने उसकी पढ़ाई के लिए तीन लाख रुपए तक का बजट जुटाया। पहले वर्ष उन्होंने पूरी तरह पढ़ाई पर ध्यान दिया और दूसरे वर्ष स्टडी के साथ स्टोर कीपर की नौकरी भी की, ताकि खुद के खर्च निकाल सके।

### पिता के अधूरे सपने को किया पूरा

आशीष ने यूएस आर्मी में भर्ती के लिए आवेदन किया और फरवरी 2024 में ई-1 रैंक पर भर्ती हो गए। वह पढ़ाई में शुरू से होशियार थे और प्रमोशन के लिए आवश्यक सभी कोर्स तेजी से क्लियर करते रहे। करीब डेढ़ साल में ही वह ई-5 रैंक तक पहुंच गए। आगे की पढ़ाई भी अब यूएस आर्मी के माध्यम से ही जारी है।

### बना सार्जेंट, अब 12 हफ्ते की ट्रेनिंग

आशीष को हाल ही में सार्जेंट पद पर प्रमोट किया गया है। प्रमोशन के बाद अब उन्हें 12 हफ्ते की विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। आशीष की इस उपलब्धि से परिवार में बेहद खुशी है। उनके पिता सुरेश कुमार का कहना है कि आशीष ने उनका अधूरा सपना पूरा कर दिया है।

**परिवार की बेटी आस्ट्रेलिया में कर रही कोर्स**

### ऑस्ट्रेलिया में कर रही नर्सिंग

परिवार की बेटी सिमरन ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में स्टडी वीजा पर नर्सिंग का कोर्स कर रही है। सुरेश बताते हैं कि अब पूरा परिवार ग्रीन कार्ड के लिए क्वालिफाई कर रहा है और वे जल्द ही अमेरिका जाकर बेटे से मिलेंगे।

### गांव और सोशल मीडिया पर खुशी का माहौल

गांव गौरगढ़ में आशीष की इस उपलब्धि को लेकर गर्व और खुशी का माहौल है। गांव के युवाओं और परिजनों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। वहीं सोशल मीडिया पर भी आशीष की आर्मी यूनिफॉर्म में तस्वीरें वायरल हो रही हैं और बधाइयों का सिलसिला जारी है।

## दो अवैध कॉलोनियों में की गई तोड़फोड़

**करनाल** जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को कस्बा करनाल में दो अवैध कालोनियों के विरूद्ध तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की गई। इनमें से एक अवैध कॉलोनी लगभग डेढ़ एकड़ में गांव रम्बा में करनाल-रम्बा रोड पर स्थित है जिसमें सभी कच्ची सडक़ों के विरूद्ध तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की गई। दूसरी अवैध कॉलोनी लगभग ढाई एकड़ में जीटी रोड पर नई अनाज मंडी के पास स्थित है जिसमें सभी कच्ची सडक़ों, सीवर नेटवर्क के विरूद्ध तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की गई। इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस फोर्स मौके पर उपस्थित रही। जिला नगर योजनाकार ने लोगो से अपील की है कि अवैध कालौनी में कोई निर्माण नहीं करें।

इंद्री की अनाज मंडी में योग कार्यक्रम के तहत पायलट रिहर्सल का आयोजन

# योग क्रिया करने से मनुष्य मानसिक और शारीरिक रूप से रहता तंदुरुस्त: डॉ. संजीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

एसडीएम अशोक मुंजाल ने बताया कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंद्री की अनाज मंडी में योग कार्यक्रम के तहत पायलट रिहर्सल की गई जिसमें सैकड़ों स्कूली बच्चों, महिलाओं, नागरिकों और प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। इस मौके पर पतंजलि योगपीठ के प्रशिक्षकों ने योगाभ्यास, ध्यान क्रियाओं व अन्य व्यायामों का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि 21 जून शनिवार को खंड स्तरीय कार्यक्रम प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक योगाभ्यास के प्रोटोकॉल के अतिरिक्त योग संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, कार्यक्रम में इंद्री के विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। पायलट रिहर्सल के दौरान आयुष विभाग के डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि देश में योग दिवस का एक अपना ही अलग महत्व है। योग भारतीय प्राचीन संस्कृति की परम्पराओं को समाहित करता है। भारत में योग का प्राचीन समय से ही अहम स्थान रहा है, क्योंकि योग भारत की प्राचीन पद्धति है। उन्होंने कहा कि लोगों में योग के महत्व की जागरूकता लाना बहुत जरूरी हैं। योग क्रिया करने से मनुष्य मानसिक और शारीरिक रूप से तंदुरुस्त रहता है। योग हमारी प्राचीन परम्परा का अमूल्य उपहार है, योग को नियमित रूप से जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग प्राकृतिक परिवर्तनों से शरीर में होने वाले बदलावों को सहन करने की ताकत प्रदान करता है।



करनाल। इंद्री अनाज मंडी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पायलट रिहर्सल करते योग साधक ।

### विधायक, मेयर व पार्षदों ने किया योगासन

**करनाल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर फव्वारा पार्क योग कक्षा में आयोजित तीन दिवसीय विशेष योग शिविर कार्यक्रम में मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में योग का अभ्यास हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप और करनाल मेयर रेनू बाला गुप्ता ने शिरकत की। दिनेश गुलाटी ,मिशन की महिला प्रमुख नीलम बटला और सह महिला प्रमुख निधि गुप्ता और टीम के सदस्यों ने फूलों के गुलदस्ते से उनका अभिनंदन किया। विधायक ने अपनी उद्बोधन में कहा कि दिनेश गुलाटी ने केवल करनाल ही नहीं, पूरे भारत में योग और स्वास्थ्य का परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में योग की महत्ता को समझना आवश्यक है। स्वयं के लिए प्रतिदिन एक घंटा निकलने वाला व्यक्ति हमेशा स्वस्थ रहता है। मेयर ने अपने संबोधन में कहा कि दिनेश गुलाटी द्वारा स्वस्थ समाज की दिशा में योगदान अतुलनीय है। उनकी योग यात्रा 20 साल से निरंतर चल रही है।

### योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं

**करनाल।** पंचमुखी हनुमान मंदिर बैंक कालोनी में भारतीय योग संस्थान करनाल और नीमा करनाल की ओर से योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। नीमा से जुड़े डॉक्टर परिवार के सदस्यों के साथ योगाभ्यास करने पहुंचे। योग को उत्तम स्वास्थ्य का सर्वोत्तम साधन बताते हुए डॉक्टरों ने सभी लोगों से आह्वान किया कि योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। इस मौके पर डा. टीआर मनोचा ने योग क्रियाओं व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि योग तन और मन दोनों को मजबूत करता है। दृढ़ संकल्प के साथ योग क्रियाओं का अभ्यास किया जाए तो बेहतर परिणाम मिलते हैं। इस अवसर पर नीमा के प्रधान डा. राजिंद्र गुप्ता ने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। कल 200 से ज्यादा देश भारत की प्राचीनतम पद्धति योग का अभ्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग का नियमित अभ्यास करना चाहिए। योग करने से डिप्रेशन भी कम होता है। इस अवसर पर प्रधान डा. राजिंद्र गुप्ता, डा. दिनेश गोयल, डा. मनोज विरमानी, डा. राजीव कांबोज, डा. सौरभ सचदेवा, डा. मुकेश तनेजा, डा. टीआर मनोचा, डा. प्रतिभा, विनीता गुप्ता, प्रवीण, संगीता, सोनिया, पूजा, रीना व युक्ता मौजूद रहे।




एसडीएम राजेश सोनी होंगे मुख्य अतिथि

## 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उपमंडल स्तरीय समारोह आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

आयुष विभाग हरियाणा एवं योग आयोग हरियाणा द्वारा 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने के लिए शुक्रवार को नई अनाज मंडी घरौंडा में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक अनुराधा, अजय कुमार और प्रियंका चौहान ने लगभग 400 योग साधकों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया और योग से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूली बच्चों को निशुल्क अमरूद, नीम, गुड़हल तथा जामुन के फलदार पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इस मौके पर आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ0 धर्मबीर ने बताया कि आयुष विभाग हरियाणा एवं योग आयोग हरियाणा द्वारा 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार, 21 जून को प्रातः 6 बजे उपमंडल स्तरीय समारोह का आयोजन नई अनाज मंडी घरौंडा के प्रांगण में भव्य ढंग से किया जाएगा।

### योग क्रियाएं करवाई जाएंगी

*उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से समारोह से जुड़ेंगे और देशवासियों के नाम अपना शुभ संदेश देंगे। इसके बाद योग प्रशिक्षकों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों को योग क्रियाएं करवाई जाएंगी। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोहंड की अध्यापिका नीलम ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर बीईओ रविंद्र कुमार, डॉ. प्रीती कम्बोज, डॉ. नेहा गुप्ता, डॉ अनुज धीमान, डॉ रितु आर्य, आयुष विभाग के डॉ. विनोद गुप्ता, सुभाष आर्य,राजेंद्र, विपिन,राकेश आर्य, सोनिया, अशोक आदि मौजूद रहे।*



## नीलोखेड़ी हलके में नए मतदान केंद्रों के पुनर्गठन को लेकर बैठक का आयोजन

**करनाल।** नीलोखेड़ी-19 विधानसभा क्षेत्र में नए मतदान केंद्रों के पुनर्गठन को लेकर उपमंडल अधिकारी (नागरिक) अशोक कुमार की अध्यक्षता में आज राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक नीलोखेड़ी में आयोजित की गई। बैठक में उपमंडल अधिकारी (ना.) ने बताया कि इस समय नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में 230 मतदान केंद्र हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक जनवरी 2026 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर मतदान केंद्रों का विशेष पुनरीक्षण किया जाना है। जिस बूथ पर 12 सौ से अधिक मतदाता हैं वहां नया मतदान केंद्र बनाया जाएगा। नीलोखेड़ी हलके में 12 सौ से अधिक मतदाताओं वाले 47 मतदान केंद्र हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों के अवलोकन के बाद पूरे परिवार की वोट एक ही मतदाता सूची में अंकित की जानी है। यदि किसी राजनैतिक पार्टी के यह संज्ञान में आया हो कि परिवार की वोट अलग-अलग मतदाता सूची में दर्ज किए गए है।

# योग प्रोटोकॉल की पायलट रिहर्सल संपन्न अनाज मंडी में आयोजित होगा कार्यक्रम

- विधायक जगमोहन आनंद करेंगे मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय अनाज मंडी में जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत योग प्रोटोकॉल की पायलट रिहर्सल आयोजित की गई।

उन्होंने बताया कि अनाज मंडी में आयोजित योग प्रोटोकॉल की पायलट रिहर्सल में स्कूली बच्चों, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से समारोह से जुड़ेंगे और देशवासियों के नाम अपना शुभ संदेश देंगे, इसके बाद कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। इन दोनों कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण कार्यक्रम में दिखाया जाएगा। इसके बाद योग प्रशिक्षकों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों को योग क्रियाएं करवाई जाएंगी।



एसडीएम ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के अलावा उप-मंडल व ब्लॉक स्तर पर भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, नीलोखेड़ी के कार्यक्रम में नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, इंद्री के कार्यक्रम में इंद्री के विधायक एवं चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप, घरौंडा के कार्यक्रम में एसडीएम राजेश सोनी, असंध के कार्यक्रम में असंध के विधायक योगेंद्र सिंह राणा, निसिंग के कार्यक्रम में जिला परिषद की चेयरमैन प्रवेश कुमारी, चिड़ाव के कार्यक्रम में हरियाणा गऊ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग, मूनक के कार्यक्रम में हरियाणा एससी कमीशन के चेयरमैन रविंद्र सिंह बलियाला, कुंजपुरा के कार्यक्रम में करनाल नगर निगम मेयर रेनू बाला गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेगी।

उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय योग कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है तथा संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। कार्यक्रम स्थल पर कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पायलट रिहर्सल के दौरान नगराधीश मोनिका, जिला शिक्षा



## वित्त विधेयक के विरोध में रिटायर्ड कर्मचारी संघ करेगा आंदोलन

**करनाल।** केंद्र सरकार द्वारा मार्च 2025 में पारित किए गए वित्त विधेयक के विरोध में रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा ने आंदोलन करने का फैसला लिया है। संघ के करनाल जिला सचिव ओमप्रकाश सिहमार ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला करनाल की बैठक जिला प्रधान बलराज सिंह की अध्यक्षता में कर्ण गेट स्थित कार्यालय में हुई। ओमप्रकाश सिहमार ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी विभागों, बोर्ड, निगमों व सेवानिवृत कर्मचारी पेंशन वित्त विधेयक 2025 को रद्द करवाने, कम्यूट की राशि 11 वर्ष तक ही कटवाने, 65 वर्ष की आयु में 10 प्रतिशत व 75 वर्ष की आयु में 20 प्रतिशत की मूल पेंशन में वृद्धि करवाने, पुरानी पेंशन नीति बहाल करवाने, कोरोना काल के दौरान काटा गया 18 माह का महंगाई भत्ता ब्याज सहित दिलवाने, सभी सरकारी व पैनल वाले अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा लागू करवाने तथा तब तक मेडिकल भत्ता तीन हजार रुपए देने आदि मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं।

मानसून को लेकर प्रशासन अलर्ट

# सीवर जेटिंग मशीन से की जा रही शिविरों की सफाई, काम जल्द किया जाएगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

बारिश सीजन को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग ने सीवर लाइन की सफाई करने का कार्य सीवर जेटिंग मशीन से शुरू कर दी है। जिससे लोगो को बहुत राहत मिलेगी। विभाग के अधिकारियों का दावा है कि अगर बारिश से पूर्व पूरे शहर में सीवर जेटिंग मशीन से सफाई हो जाती है तो लोगो को काफी सुविधा मिलेगी। बता दें कि शहर में सीवर लाइन की सफाई करने के लिए लोगो ने एक जेटिंग मशीन की डिमांड हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण से की थी। लोगो की समस्या को देखते हुए हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण लगभग 20 लाख की लागत से सीवर जेटिंग मशीन जनस्वास्थ्य विभाग को भिजवा दी थी। जिसको 8 जून को शहर के लोगों ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सुपर्द कर दिया था। उसी दिन से जेटिंग मशीन से सीवर लाइन सफाई का कार्य शुरू हो गया है। विभाग के अधिकारियों का दावा है कि शीघ्र ही शहर के सभी सीवर लाइन सफाई की जाएगी। नसीब विहार कॉलोनी में पिछले कई दिनों से सीवर सफाई की दिक्कत आ रही थी। शुक्रवार को एसडीओ रविंद्र सैनी सहित अन्य स्टाफ पहुंचा और जेटिंग मशीन नसीब विहार कॉलोनी की सीवर सफाई का कार्य शुरू कराया गया।



सीवर लाइन की अपने सामने सफाई करवाते अधिकारी एसडीओ रविन्द्र सैनी व अन्य

### इस कॉलोनियों में हो चुकी है सफाई।

जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभी तक सीवर जेटिंग मशीन से रघबीर कॉलोनी, अशोका कॉलोनी, बालाजी कॉलोनी, तकिया बाजार के आलावा अन्य कॉलोनियों में सीवर लाइन की सफाई का कार्य जोर शोर से चल रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ रविंद्र सैनी ने बताया कि सीवर जेटिंग मशीन द्वारा जेटिंग तरीके सफाई की जाती हैं। जिससे जो सीवर की सिल्ट होती है वह प्रेशर से निकल जाती है। जिससे सीवर लाइन की सफाई हो जाती है। उन्होंने कहा कि बारिश से पहले सभी पूरे शहर के सीवर लाइन की सफाई सही तरीके से की जायगी

# राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज करनाल

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य डॉ. मांगेराम एवं मीना शर्मा ने शुक्रवार को स्थानीय सिविल थाना, महिला थाना और सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरे का उद्देश्य जिले में बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए मौजूदा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करना था।

उन्होंने कहा कि हर थाने और अस्पतालों में चाइल्ड फ्रेंडली रूम उपलब्ध होना चाहिए ताकि बच्चे डर और तनाव से मुक्त वातावरण में इलाज और सहायता प्राप्त कर सकें। यह चाइल्ड फ्रेंडली रूम जुवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 और एनसीपीसीआर की गाइडलाइन के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि चाइल्ड फ्रेंडली रूम में सभी मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए तथा उसका रिकॉर्ड भी मेंटेन होना चाहिए। इस मौके पर थाना प्रबंधक भगवान सिविल थाना, सिविल अस्पताल से डॉ दीपक, डॉ रजनीश, डॉ परुथी भी मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### पानीपत टोल प्लाजा बंद कराए जाने की मांग

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करपशन एण्ड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आरटीआई ज़र्यकर्ता यशपाल मलिक ने केन्द्रीय भू तल एवं परिवहन मंत्रालय भारत सरकार से पत्र लिखकर पानीपत में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने टोल प्लाजा को बंद किए जाने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि उक्त टोल प्लाजा 2003 में लगाया गया था। जिसकी समय अवधी 2023 में पूरी हो चुकी है पर भाजपा के एक स्थानीय नेता ने अपने आर्थिक लाभ के लिए इसे जारी रखवाया गया है। अब भी इसे दो वर्ष हो चुके हैं कृपया जनहित को देखते हुए अब तो इसे बंद कराया जाए।

### स्व.लक्ष्मी चंद चुघ की 36वीं पुण्यतिथि पर भंडारा


स्व .लक्ष्मी चंद का फाइल फोटो

**पानीपत।** वरिष्ठ पत्रकार अशोक चुघ के पिता स्व. पिता लक्ष्मी चंद चुघ की पुण्य तिथि पर आज सलार गंज गेट के पास एक भंडारा लगया गया।इस भंडारे में हरियाणा पत्रकार संघ के प्रधानपत्रकार विनोद पांचाल, मोहन लाल, पत्रज़र अशोक चुघ व उनज़ परिवार व पत्रकार अविनाश गक्खड़ तथा पत्रकार वीरेंद्र सुधाकर, हरीश चुघ बब्बू ,कृष्ण, राममेहर ज़ैशिक व सतीश शर्मा भी मौजूद रहे। इस दौरान स्व.लक्ष्मी चंद चुघ के चित्र पर सभी पत्रकारों द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी।

### हरियाणा में इंडोर नेटवक एवं डेटा स्पीड को बनाया बेहतर

**पानीपत।** दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज हरियाणा में अपने नेटवक में उल्लेखनीय विस्तार की घोषणा की है। कंपनी ने 1500 से अधिक साईट्स पर सबसे प्रभावी 900 एमएचजैड स्पैक्ट्रम के सफलतापूर्वक तैनात किया है तथा मुख्यशहरोंजैसेपानीपत,सोनीपत,भिवानी,रेवाड़ी, पलवल, जींद, सिरसा, हिसार, रोहतक, करनाल, अंबाला, कुरूक्षेत्र, बहादुरगढ़ आदि में 1200 से अधिक साईट्स पर अपनी क्षमता के 5 एमएचजैड से दोगुना कर 10 एमएचजैड कर लिया है।

### निजी आईटीआई में आवेदन तिथि 27 हुई

**पानीपत।** आईटीआई प्रधानाचार्य विकरम सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य में स्थित सभी राजकीय एंव निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चलाए जा रहे विभिन्न इंजीनियरिंग तथा गैर इंजीरिनयरिंग व्यवसायों में सत्र 2025-26 के दाखिले हेतू ऑनलाइन आवेदन, दाखिला वैबसाइट एचटीटीपीएसः// एडमिशनसडॉटआईटीआईहरियाणा डॉटजीओवीडॉटइन/ पर आवेदन करने की तिथि को बढ़ा दिया गया है। अब इच्छुक आवेदक 27 जून तक आवेदन कर सकते हैं। पहले यह तिथि 20 जून 2025 जून थी।

### नई मानक संचालन प्रकिया शुरू की

**पानीपत।** भारत निर्वाचन आयोग ने इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी की (एपिक) की मतदाताओं तक तेज़ डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए एक नई मानक संचालन प्रकिया शुरू की है। इस नई प्रक्रिया के तहत, चुनावी रोल में किया भी अपडेट के 15 दिनों के भीतर मतदाताओं के उनके ऐपिक प्राप्त हो जाएंगे।

मिशन निदेशक पंचकूला चंडीगढ़ के नाम लिखित ज्ञापन पत्र

# ट्रेड यूनियनों के सदस्यों ने दिया सरकार को हड़ताल का नोटिस


**पानीपत।** सीएमओ को ज्ञापन देते हुए आशा वर्कर्स यूनियन का प्रतिनिधिमंडल । फोटो : हरिभूमि

1. नोटिस देने वाले प्रतिनिधि मंडल में शामिल विभिन्न संगठनों नेतृत्व के मुख्यपदाधिकारी मौजूद रहे
2. यूनियनों राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों एवं कर्मचरी फैडरेशनों के संयुक्त आह्वान पर 9 जुलाई की हड़ताल होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन मजदूर संगठन सीटू से संबंधित यूनियनों राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों एवं कर्मचरी फैडरेशनों के संयुक्त आह्वान पर होने वाली 9 जुलाई की देशव्यापी हड़ताल के लिए सरकार को हड़ताल नोटिस दिए गए। जिसके तहत आशा वर्कर्स यूनियन जिला कमेटी ने सीएमओ के माध्यम से मिशन निदेशक पंचकूलाचंडीगढ़ के नाम लिखित ज्ञापन पत्र भेजा। जब कि सीटू जिला कमेटी की ओर से लेबर कमिश्नर हरियाणा सरकार को लिखित हड़ताल नोटिस भेजा गया। नोटिस देने वाले प्रतिनिधि मंडल में शामिल विभिन्न संगठनों नेतृत्व के मुख्यपदाधिकारी जिसमें सीटू राज्यसचिव और जिला प्रधान सुनीलदत ,सीटू जिला सचिवजयभगवान,आशावर्ज़र्सयूनियनजिलाप्रधानबंटी,सचिव सुशीला, सह सचिव सुनीता बापौली, उप प्रधान सुनीता सिवाह, नरेश कुमारी सह सचिव नौल्था, मिड डे मील वर्ज़र्स की जिला प्रधान निर्मल अहलावत, सचिव कविता, कृष्णा, राजो व


**पानीपत।** अनिल लाठर व डीसी डा.दहिया अधिकारियों की बैठक लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

बाल श्रम रोकने के लेकर विभाग करेगा हर महीने बैठक का आयोजन

# बाल श्रम करवाने वाले गिरोह को बेनकाब करेगी सरकार : अनिल लाठर

बाल श्रम को कम करने के लिए सरकार ने कड़ा रूख अपनाया हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा राज्य बाल अधकिकारी एवं संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर ने उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया की अध्यक्षता में बाल श्रम रोकने के लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाल श्रम घिनौना अपराध है। इस पर गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है। आयोग सदस्य ने कहा कि प्रदेश में सरकार बाल श्रम रोकने के लेकर ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नगरी में बाल श्रम की कमी हो ऐसा नहीं कहा जा सकता। इसके रोकने के लिए एक रणनीति बनाकर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वह पानीपत में उस अपराधी गिरोह के बेनकाब करना चाहते हैं जो बच्चों से बाल श्रम करते हैं और इस कार्य को आगे बढ़ा रहा है। उपायुक्त डॉ.विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि मानक संचालन प्रक्रिया के तहत कार्य करने की जरूरत है। बाल श्रम को कम करने के लिए सरकार ने कड़ा रूख अपनाया हुआ है। इस मौके पर शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग व कई अन्य महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## इंसार बाजार से हटाया जाए अतिक्रमण: सुशील


**पानीपत।** मेयर ज़ेमल सैनी से मुलाकात करते हुए इंसार बाजार का प्रतिनिधिमंडल। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** इंसार बाजार देवी मंदिर रोड से अतिक्रमण हटाने लिए बाजार के प्रधान सुशील भराड़ा अन्य पदाधिकारियों के साथ आज निगम की मेयर ज़ेमल सैनी से मिले और मांग की कि वह बाजार जैसे भीड़ -भीड़ वाले सभी क्षेत्रों में अवैध कब्जे हटवाकर जनता के होने वाली परेशानी को दूर करने का कार्य करें। वहीं मेयर ज़ेमल सैनी ने प्रतिनिधिमण्डल के आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही इस पर उचित कार्यवाई की जाएगी। इस अवसर पर महाबीर सिंह, संजीव, सतीश ठाकुर, चिंटू,नीरज पासी, मंजू, मधु गुप्ता, मेधा गुप्ता, व कमल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

डॉ.राजवीर आर्य ने संबोधित किया

# भाजपा ने जो वायदा किया वह पूरा किया है : डॉ.राजबीर आर्य


**पानीपत।** चौपाल ज़र्यकरम में भाजपा नेता डा.राजबीर आर्य व पार्षद अजीत उर्फ बिट्टू प्रजापति । फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा ने जो भी वायदे देश की जनता से किए हैं वे हमेशा पूरे किए हैं। यह शब्द भाजपा ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख डॉ.राजवीर आर्य ने भारत नगर में भाजपा द्वारा आयोजित चौपाल कार्यक्रम में कहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़ला आम्बमंडलअध्यक्षगुरूदेवनेकी। जबकि वार्ड 14 केनिगमपार्षद अजीत उर्फ बिट्टू प्रजापति, कुटानीमंडलअध्यक्षसुमितगर्ग भी उपस्थित रहे। डॉ.आर्य ने कहा कि ्यामाप्रसाद मुखर्जीजी नेकश्मीर से धारा 370 खत्म करने केलिए अपना बलिदान दे दिया था। उस समय से ही तत्कालीन जनसंघ और उसके पश्चात भाजपा ने देश की जनता से वायदा किया था कि जब भी हम सत्ता में आएंगे तो कश्मीर से धारा 370 खत्म करेंगे और भाजपा ने सत्ता में आकर 2019 में अपना वायदा पूरा किया। इसी तरह राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक के खत्म,सीएए के लागू करना आदि किए ही वायदे हैं जो भाजपा के एजेंडा में रहे हैं और भाजपा ने उनके लागू करने का काम किया है। उपस्थित लोगों ने देश के विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग करने के संकल्प लिया। इस अवसर पर रोहताश प्रजापति, बाबू राम कश्यप, अंजलि धीमान व तरसेम गर्ग आदि उपस्थित रहे।

### अधिकारियों की मेहनत से ही होगा नागरिकों की समस्याओं का समाधान

**पानीपत।** आयुक्त एवं सचिव विशाल गुप्ता ने आज जन संवाद एवं समाधान शिविर में नागरिकों द्वारा दी गई समस्याओं के निस्तारण को लेकर प्रदेश के सभी उपायुक्तों और संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया ने बाद में अधिकारियों को बैठक की निर्देश दिए कि वो समस्याओं के निस्तारण को लेकर और गंभीरता से कार्य करें। उपायुक्त ने कहा कि जिन विभागों की स्थिति कमजोर है उन्हें निकालकर समाधान करना होगा। इसमें तेजी लाए व मिल जुल कर सभी समस्याओं का निस्तारण करें। बैठक में निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी, सीईओ डॉक्टर ज्रिण सिंह, सीटीएम टीनू पोसवाल, सीएमओ डॉ विजयपाल मलिक, डीडीपीओ राजेश शर्मा, बिजली विभाग के ज़र्यज़री अभियंता एमएस धीमान, प्रदूषण नियंत्रण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी भूपेंद्र चहल, डीएसपी सतीश वत्स, डीडीए आत्माराम गोदारा, डीएचओ शार्दुल शंकर, डीएफएससी नीतू आदि मौजूद रहे।

अंसल में बही श्रीकृष्ण भक्ति की बयार

# भक्तों ने हरे कृष्ण हरे राम महामंत्र का सामूहिक जाप किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्ज़ॅन द्वारा आज ब्लॉक बी अंसल सुशांत सिटी में भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन भगवान श्रीकृष्ण के प्रति भक्ति और आध्यात्मिक जागरूकता ज़े बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। जिसमें स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत हरिनाम संकीर्तन से हुई। जिसमें भक्तों ने हरे कृष्ण हरे राम महामंत्र का सामूहिक जाप किया। इस दौरान हंस के आकार का आक्रर्षण रथ विशेष रूप से उपस्थित था। भक्तों ने रथ पर भगवान श्रीकृष्ण को फूल, भोग और आरती अर्पित की। इस्ज़ॅन के भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भक्ति मार्ग की महत्ता पर प्रकाश डाला।



**पानीपत।** अंसल में इस्ज़न भक्त रथयात्रा निज़लते हुए ।

## वार्ड 1 से कांग्रेस घास हटाने के लिए संपदा अधिकारी को सौंपा


**पानीपत।** संपदा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते पार्षद प्रतिनिधिमंडल।

**पानीपत।** नगर निगम की वार्ड न.1 की पार्षदअनिता परुथी के नेतृत्व में आज सुरेंद्र परुथी, सुनील ग्रोवर, सुनील चिन्दा, नवीन बत्रा, अनिल असीजा नेहरियाणा शहरी विज़स प्राधिकरण के ज़र्यालय में एस्टेट ऑफिसर विकास ढाँडा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वार्ड नंबर 1 के खाली पड़े प्लॉट्स से घास और असामान्य झाड़ बेल आदि के कटवाने की मांग की गई। जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संपदा अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए कहा कि आने वाले बारिश के मौसम में विषैले सांप तथा विषैली कांग्रेस घास आदि से जीवन और स्वास्थ्य ज़े क्षति नहीं पहुंचनी चाहिए। वहीं प्रतिनिधिमण्डल ने यह भी प्रस्ताव रखा कि एक विशेष स्प्रे आता है जिससे ऐसी घास की पुनरावृत्ति रुक जाती है। वहीं संपदा अधिज़री ने कहा कि इसका प्रस्ताव बना कर उच्चतर कार्यालय से स्वीकृति लेने का प्रयास करेंगे तथा स्वीकृति मिलने से इस कार्य को भी किया जाएगा।

# इन्नर व्हील मिड टाउन ने हाली अपना स्कूल में दो कंप्यूटर लगाए

- इससे सभी बच्चों के कंप्यूटर शिक्षा ग्रहण करने में सुविधा होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। जिसे देखते हुए हाली अपना स्कूल में इन्नर व्हील प्रधान डॉ.अनु द्वारा दो कंप्यूटर फर्नीचर सहित स्थापित करवाये गए। जिसका सहयोग कविता गर्ग व देवांगना वोरहा द्वारा किया गया। जिन्होंने अपने परिवारों की तरफ से जरूरतमंद बच्चों की मदद की हाथ बढ़ाया। हाली अपना स्कूल के प्रबंधक व गांधी ग्लोबल फैमिली के सचिव राम मोहन राय ने कहा कि कंप्यूटरस की उपलब्धता से ऑनलाइन क्लास, प्रोजेक्ट वज़र्, डेटा प्रबंधन, ईमेल संचार जैसे कई कार्यों में सहायता मिलेगी।



**पानीपत।** हाली अपना स्कूल में कंप्यूटर भेंट करते हुए इन्नर व्हील मिड टाउन पदाधिज़री। फोटो : हरिभूमि

डॉ.अनु ने कहा कि आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में कंप्यूटर के बिना आगे बढ़ना कठिन हो सकता है। प्राचार्या प्रिया लूथरा ने कहा कि इससे सभी बच्चों के कंप्यूटर शिक्षा ग्रहण करने में सुविधा होगी।

## योग दिवस को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण : डॉ.विरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करवाने को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण हैं। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि शिवाजी स्टेडियम में आयोजित होने वाले योग दिवस ज़र्यकरम में कृषि एवं किसान कल्याण, पशु पालन एवं डेयरी मत्सय पालन मंत्री श्याम सिंह राणा बतौर मुख्यअतिथि भाग लेंगे। आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग द्वारा एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग योग के श्लोग्न को लेकर आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि के अलावा संस्थाओं के सदस्य योग ज़र्यकरम में प्रोटोज़ॅल से जुड़ेंगे। एक हजार के करीब स्कूली बच्चे भी योग का हिस्सा रहेंगे। आयुष विभाग के जिला ज़ेर्डिनेटर डॉ.संजय राजपाल ने बताया कि 5 बजकर 45 मिनट पर मुख्यअतिथि शिवाजी स्टेडियम में शिरकत करेंगे। 6 बजे से 6 बजकर 30 मिनट तक मुख्यमंत्री नायब सिंह की वर्चुऊल सम्बोधन रहेगा। 6 बजकर 30 मिनट से 7 बजे तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुऊल सम्बोधन रहेगा, 7 बजे से प्रोटोज़ॅल तक योग रहेगा व उसके पश्चात मुख्यअतिथि का सम्बोधन होगा।

**न्यायालय तह्सीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

श्री अभिषेक सुपुत्र श्री राकेश मित्तल सुपुत्र श्री मातु राम मित्तल निवासी मकान नम्बर 369-आर मॉडल टाउन तहसील व जिला पानीपत

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री अभिषेक सुपुत्र श्री राकेश मित्तल सुपुत्र श्री मातु राम मित्तल निवासी मकान नम्बर 369-आर, मॉडल टाउन तहसील व जिला पानीपत ने एक दस्तावेज को विक्रय पत्र/ट्रांसफर पत्र पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है।
प्रार्थी के द्वारा अपने शपथपत्र में निम्न वारिस / उतराधिकारी दर्शाये गये हैं। पटवारी हल्का तथा नम्बरदार द्वारा भी अपनी रिर्पोट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है। यह कि प्रार्थी के पिता श्री राकेश मित्तल सुपुत्र श्री मातु राम मित्तल सुपुत्र श्री प्रभुदियाल मित्तल की मृत्यु दिनांक 11/01/2023 को हो चुकी है। यह कि श्रीमति सत्यावती धर्मपत्नी श्री मातु राम मित्तल की काफी अरसे पहले मृत्यु हो चुकी है। यह कि प्रार्थी के पिता श्री राकेश मित्तल सुपुत्र श्री मातु राम मित्तल सुपुत्र श्री प्रभुदयाल मित्तल की मृत्यु बाद इनके निम्न जायज वारिस हैं:- 1- शीला मित्तल विधवा व 2- अभिषेक 3 अखिलेश पुत्रगण स्वर्गीय श्री राकेश मित्तल सुपुत्र श्री मातु राम मित्तल है।
इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिसों के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस को अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 16-06-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायलय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

शिक्षक हरिओम की लगाई त्रिवेणी लगी लहराने

# जिला वासियों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला के डीओसी हरिओम द्वारा ज़फी दिन पहले छोटे-छोटे पीपल, बड़ और नीम की त्रिवेणी लगाई थी। जो आज पूरे वृक्ष बन गए हैं बरगद का पेड़ झुक गया था इसलिए आज इनकी कटाई-छटाई की और पानी की व्यवस्था भी शिक्षक हरिओम द्वारा की। हरिओम ने बताया कि कुछ लोग हमारे पौधरोपण पर सवाल करते हैं लेकिन सच्चे दिल और आत्मा से की करता हूं इसलिए ये त्रिवेणी एक ही जगह में कितनी अच्छी हो गई। उन्होंने जिला वासियों से खासकर शिक्षक व विद्यार्थियों से आह्वान किया की वो अधिक से अधिक पौधरोपण करें।


**पानीपत।** त्रिवेणी की छटाई करते हुए शिक्षक हरिओम। फोटो :हरिभूमि

अभियान — नशा एक सामाजिक बुराई होने के साथ साथ अपराधों की जड़ है

# विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाई

- नशे के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत पुलिस ने आज मतलौडा आईटीआई में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकरी देकर जागरूक किया। इस दौरान विद्यार्थियों को जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई। पुलिस टीम द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि नशा एक सामाजिक बुराई होने के साथ साथ अपराधों की जड़ है। इसलिए युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलकूद में अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने माता-पिता के सपनों को साकार करें और गांव प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में 12 से 26 जून तक नशे के खिलाफ नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान चलाया गया है। वहीं आईटीआई में विद्यार्थियों ज़े नशे के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग व खासकर पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह का आभार जताया गया।


**पानीपत।** आईटीआई के विद्यार्थियों ज़े नशा के प्रति जागरूक करते डीएसपी नरेंद्र सिंह।

## खबर संक्षेप

### बलदेव नगर में दो आरोपी किए को गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी गोल्डी व सुखदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। गांव गरनाला के मोहित ने 19 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह मोटरसाईकिल रिपेयर का काम करता है। आरोपी गोल्डी, सुखदीप सिंह ने अपने साथियों सहित मिलकर उसने मोटरसाइकिल की रिपेयर को लेकर हमला कर दिया था। हमले में मोहित जख्मी हो गया था। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### भ्रूण लिंग जांच मामले में चिकित्सक गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा क्षेत्र में भ्रूण लिंग जांच के मामले में सहारनपुर के रहने वाले आरोपी आकाश को गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्त अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। डिप्टी-सिविल सर्जन ने 8 फरवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 अगस्त 2023 को आरोपी किरणदास, अवनीश कुमार, नरिंद्र कुमार व अन्य ने गांव मलिकपुर में धोखाधड़ी से भ्रूण लिंग जांच करवाने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी अश्विनी कुमार को गिरफ्तार किया है। गांधी कॉलोनीके मोहित कुमार ने 1 जुलाई 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 7 जुलाई 2022 से 21 जुलाई 2022 के दौरान आरोपी अश्विनी कुमार ने उसे नौकरी लगवाने के मामले में धोखाधड़ी करके उससे 5 लाख 70 हजार रूपये की रकम ठगी की। आरोपी ने बाद में 2 लाख 70 हजार रूपये वापिस किए थे। डेढ लाख रूपये का जो चेक दिया था वह बांउस पाया गया। उसके बाद आरोपी पैसे देने में आनाकानी करता रहा।

### पैसे छीनने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज रास्ता रोककर मारपीट करने व स्नेचिंग के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी कुलदीप उर्फ राधे को गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्त अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उत्कर्ष स्माल फाइसेंस बैंक के कर्मचारी राकेश कुमार ने 29 अप्रैल 2021 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि सेगता ब्रिज के पास मोटरसाईकिल सवार तीन आरोपियों ने उसका रास्ता रोककर चोट पहुंचाते हुए उससे 71 हजार 250 रूपयों से भरा बैग व रसीद बुक छीन ली है।

### नशे के खिलाफ लगाया जागरूकता शिविर

**थानेसर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला ड्रग कंट्रोल अथॉरिटी के साथ मिलकर नशे के खिलाफ जागरूकता कैंप लगाए जा रहे हैं। इसके तहत इंदिरा कॉलोनी में यह कैंपेन चलाया गया और और लोगों को नशा ना करने के लिए जागरूक किया गया। इस कैंपर में आमजन को नशीली दवाईयों के दुरुपयोग के बारे में जागरूक किया गया।

---

अधिकारी व कर्मचारियों के साथ आम नागरिकों ने भी रिहर्सल में लिया हिस्सा

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर सभी तैयारियां पूरी

## ट्विन सिटी में करवाई गई पायलट रिहर्सल, बरसात को देखते हुए दो जगह आयोजन स्थल बदले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





**अंबाला।** पायलट रिहर्सल के दौरान योग करते अधिकारी, कर्मचारी व आम नागरिक।

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पूरे जिले में योग की रिहर्सल करवाई गई। मुख्य कार्यक्रम अंबाला शहर के राजीव गांधी खेल स्टेडियम सेक्टर 10 तथा अंबाला छावनी के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों ने योग प्रोटोकोल के तहत योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई। अंबाला शहर में एसडीएम दर्शन कुमार तथा अंबाला छावनी में नायब तहसीलदार सुनील कुमार की अध्यक्षता में पायलट रिहर्सल आयोजित की गई।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत सभी जगहों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के तहत तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पायलट रिहर्सल के तहत सभी व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया गया है। उन्होंने बताया कि खेल स्टेडियम सेक्टर 10 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला व वार हीरोज स्टेडियम अंबाला छावनी में परिवहन, ऊर्जा व श्रम मंत्री अनिल विज मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। अंबाला शहर के खेल स्टेडियम में आयोजित पायलट रिहर्सल में आयुष विभाग से आए योग प्रशिक्षक नीरू अग्रवाल, भारतीय योग संस्थान से विशाल वर्मा ने योग प्रोटोकोल के तहत योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई। एसडीएम दर्शन कुमार के साथ-साथ अन्य ने भी इन योग क्रियाओं को किया और योग से जुडने बारे कहा।

एसडीएम ने कहा कि हमें योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। नियमित रूप से योग करके हम अनावश्यक बीमारियों से बच सकते हैं। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग बढ़-चढक़र भाग लें।

इससे पहले यहां पहुंचने पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शशिकांत शर्मा ने मुख्य अतिथि को पर्यावरण का प्रतीक पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। अंबाला छावनी के वार हीरोज स्टेडियम में आयोजित पायलट रिहर्सल में योग प्रशिक्षक पंकज बक्शी ने योग प्रोटोकोल के अंतर्गत सूक्ष्म व्यायाम, भुजंगआसन, प्राणायाम, नाड़ी शोधन, अलोम-विलोम के साथ-साथ अन्य योग क्रियाएं करवाई। उन्होंने कहा कि योग करके हम मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बन सकते हैं।

दोनों जगहों पर आयोजित पायलट रिहर्सल के अंतर्गत योग प्रोटोकोल के तहत सूक्ष्म व्यायाम, कपालभाती, मंडूकआसन, भ्रामरी, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, सबआसन के साथ-साथ अन्य योग क्रियाओं को करवाकर योग की महत्वता बारे उपस्थित सभी को जागरूक किया। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी राजबीर रंगा, बीईओ सतबीर सैनी, सीडीपीओ सुमन दहिया, गुरविंद्र सिंह , डॉ. समिधा शर्मा, डॉ. जितेंद्र वर्मा, डॉ. दीपा, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. सोनिया, कोच जितेंद्र, राम स्वरूप, परमजीत, संजय, विश्वजीत, कुसुम, रविन्द्र, डज्ञ. बलविंद्र कौर, रिंपी भोला भी मौजूद रहे।

### योग दिवस को लेकर सौंपी जिम्मेदारी

**नारायणगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को नारायणगढ़ और शहजादपुर में प्रातः 6 बजे ब्लॉक स्तरीय योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि संभावित बारिश को देखते हुए आयोजन स्थलों में बदलाव किया गया है ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। एसडीएम ने बताया कि नारायणगढ़ ब्लॉक का योग दिवस कार्यक्रम नगर खेड़ा मंदिर शेड में आयोजित किया जाएगा जबकि शहजादपुर ब्लॉक का कार्यक्रम रेड फोर्ट रिसोर्ट में संपन्न होगा। दोनों ही स्थानों पर सुबह 6 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी और योगाभ्यास अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए दोनों ब्लॉक के बीडीपीओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को भी समुचित जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि आयोजन में किसी प्रकार की चूक न हो।

### योग से मन को मिलती है शांति

**शहजादपुर।** आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर ब्लॉक स्तर पर पायलट रिहर्सल कार्यक्रमों का आयोजन प्रातः 6 बजे किया गया। बारिश के बावजूद इन कार्यक्रमों में लोगों का उत्साह देखने लायक था। योग दिवस की रिहर्सल में आमजन, अधिकारी व कर्मचारी, पतंजलि तथा भारतीय योग संस्थान के योग साधक और पीटीआई, शिक्षक, आयुष विभाग से डॉक्टर एवं अन्य कर्मचारी तथा योग सहायक आदि कार्यक्रम में शामिल हुए। योग अभ्यास सत्र का संचालन पतंजलि योग समिति के तीन जिलों के प्रभारी सुरेंद्र सैनी ने किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन व प्राणायाम करवाए। उनसे होने वाले शारीरिक व मानसिक लाभ की विस्तृत जानकारी भी दी। सैनी ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया और कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मन को भी शांति प्रदान करता है। इस अवसर पर प्राध्यापक संजय धीमान, कुलवंत सिंह, आयुष विभाग से डॉ. अखिलेश, मनोज कुमार, फार्मासिस्ट रमेश कुमार, योग सहायक, पीटीआई टीचर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी, योगा टीचर, आमजन सहित आंगनबाड़ी सुपरवाइजर तथा योग साधकों ने हिस्सा लिया।

---

# निपुण हरियाणा मिशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 36 शिक्षक सम्मानित

- डीईईओ सुधीर कालड़ा ने बीईओ कार्यालय में किए प्रशंसा पत्र प्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



**शहजादपुर।** शिक्षकों को सम्मानित करते हुए डीईईओ सुधीर कालड़ा।

निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु 36 जेबीटी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए शुक्रवार को सम्मानित किया गया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी (डीईईओ) सुधीर कालड़ा ने इन शिक्षकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी नरोत्तम कुमार की अध्यक्षता में बीईओ कार्यालय में आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए डीईईओ सुधीर कालड़ा ने कहा कि निपुण हरियाणा मिशन के तहत कक्षा एक से तीन तक के विद्यार्थियों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान उपलब्ध कराने में अंबाला जिला लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 की संभावित असर सर्वे रिपोर्ट में अंबाला जिला, मौलिक शिक्षा के क्षेत्र में सोनीपत और रेवाड़ी के बाद प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा है जबकि जिले के 478 में से 200 प्राथमिक विद्यालय एकल-अध्यापक स्कूल हैं। यदि सभी शिक्षक मिलकर थोड़ी और मेहनत करें तो आने वाली असर सर्वे रिपोर्ट में जिला प्रथम स्थान पर आ सकता है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर करवाई गई मेगा मॉनिटरिंग के दौरान सभी 478 प्राथमिक विद्यालयों में एक विशिष्ट सर्वेक्षण किया गया था। इस सर्वे में अध्यापकों की कार्यकुशलता का मूल्यांकन छह गतिविधियों के आधार पर किया गया। इनमें अधिकतम 60 अंक निर्धारित थे। इन गतिविधियों में शामिल थे—शिक्षक संदर्शिका का प्रयोग, विद्यार्थियों की वर्कबुक व स्किल पासबुक का रख-रखाव, अल्पमूल्य शिक्षण-सहायक सामग्री (टीएलएम) का उपयोग, कक्षा में प्रिंट रिच वातावरण की उपलब्धता, और विद्यार्थियों के समग्र अधिगम विकास पर ध्यान। सर्वेक्षण बीईओ, एबीआरसी, बीआरपी, मुख्याध्यापकों और संकुल प्रमुखों की मदद से किया गया। जिन शिक्षकों ने 60 में से 48 या अधिक अंक प्राप्त किए उन्हें 'उत्कृष्ट शिक्षक' मानते हुए सम्मानित करने की योजना बनाई गई। खंड अंबाला-1 व अंबाला-2 के 38 शिक्षकों को पूर्व में सम्मानित किया जा चुका है। अब शहजादपुर खंड के 36 शिक्षक भी इस गौरव में शामिल हुए हैं। शेष अध्यापकों को भी शीघ्र ही उनके खंड मुख्यालयों में सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर डीईईओ सुधीर कालड़ा ने बीईओ कार्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

### इन शिक्षकों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में नीरा बाला, नीति रानी, पूजा, संतोष कुमारी, मीनाक्षी गुप्ता, हरप्रीत कौर, जुल्फिकार अली, प्रवीण कुमारी, सुषमा देवी, मोनिका गुप्ता, जगजीत कौर, राम करण, सरिता, संदीप, सचिन गोयल, रजनी बाला, सुमन लता, संजीव कुमार, अमिता, नीलम, अंजना शर्मा, सुरजीत सिंह, प्रीतपाल कौर, विजय कुमार, शिव चरण, राजेश कुमार, आरती वर्मा, डिंपल, दर्शना, वीना, रजनी, रेखा देवी, मोनिका, हरजीत कौर, रजनी और मीनाक्षी आदि को सम्मनित किया गया। कार्यक्रम में जिला एफएलएन समन्वयक मनोज कुमार, बीईओ नरोत्तम कुमार और लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के जिला शैक्षणिक समन्वयक बलराम यादव भी मौजूद रहे।

# बस चालक की लापरवाही से हुए हादसे में बाइक सवार की मौत

- बस सड़क पर छोड़कर भागे चालक व परिचालक, एक घंटे तक हाइवे पर लगा रहा जाम, राहगीरों ने शव को साइड किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाल-हिसार रोड पर सुबह रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई। राहगीरों ने युवक का शव सड़क से उठा कर साइड में किया। इस दौरान एक घंटे तक रोड पर जाम लग गया। पुलिस के आने के बाद पुलिस ने जाम खुलवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हरियाणा रोडवेज की बस तेज रफ्तार से आ रही थी उसी बस ने एक बाइक को टक्कर मार दी।

घटना इतनी भयानक थी की बाइक सवार के सिर के परखच्चे उड़ गए। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। हादसे में पंजाब के नारायणगढ़ झुंगिया के रहने वाले निर्मल सिंह की मौके पर मौत हो गई।मृतक के भाई ने बताया की हर रोज की तरह निर्मल सिंह घर से अपनी दुकान के लिए निकला था लेकिन दुर्गा नगर के पास तेज रफ्तार हरियाणा रोडवेज की बस ने उसे टक्कर मार दी और उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने रोडवेज की बस को कब्जे में लिया है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद ड्राइवर और कंडक्टर बस को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहचान के बाद आरोपी चालक को गिरफ्तार किया जाएगा।

---

# आत्मशुद्धि व आत्मावलोकन का काल है चातुर्मास

- जैन साध्वियों का एसए जैन सभा में हुआ मंगल प्रवेश, कलश यात्रा भी निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



**मुलाना।** साध्वियों के सानिध्य में कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

चातुर्मास पावन पर्व हेतु समता विभूति गुरूणीवर्या श्री सुचेता महाराज की सुशिष्या साध्वी रत्ना सुवृद्धि और साध्वी सात्विक का मंगल प्रवेश एसएस जैन सभा के तत्वावधान में हर्षोल्लास और धूमधाम से आयोजित किया गया। इस उपलक्ष में एक कलश यात्रा का भी आयोजन किया गया । जोकि जैन साध्वियों के सानिध्य में आयोजित हुई । कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुई । कलश यात्रा मुख्य रास्तों से होते हुए जैन स्थानक पर संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में मौजूद होकर दर्शन लाभ लिया । साध्वी सुवृद्धि ने चातुर्मास में महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "चातुर्मास संयम, साधना और आत्मविकास का पर्व है। यह आत्मशुद्धि और आत्मावलोकन का काल है। इन चार महीनों में आत्मा को धर्म, ध्यान, तप और त्याग से शुद्ध करने का प्रयास करना चाहिए। मन, वचन और काया से संयम रखना ही चातुर्मास की सच्ची आराधना है। उन्होंने आगे कहा कि मानव बाह्य सुख-सुविधाओं में लिप्त होकर आंतरिक शांति को खो बैठा है। चातुर्मास आत्मा को भीतर झांकने का अवसर देता है। यह आत्मा की जागृति और सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

### ये रहे मौजूद

*मौके पर प्रधान अशोक जैन, उमेश जैन, श्रीपाल जैन, राममूर्ति जैन , प्रवीण अग्रवाल, नवीन जैन, दिनेश गोयल, केशव जैन, भूषण जैन, रिषभ जैन, बनारसी दास, चमन लाल, केवल कृष्ण, नीरज जैन, वेद प्रकाश, अभय सहित धनौरा,बराड़ा, धीन, उगाला, मुलाना, यमुनानगर से जैन समाज के लोग मौजूद रहे ।*

# पूर्ण सतगुरु ही चरौसी के चक्कर से करते हैं जीव का निवारण

- साध्वी अदिति भारती बोली संसार के सभी संबधों से श्रेष्ठ है गुरु-शिष्य का संबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कथा में प्रवचन करती साध्वी अदिति भारती व मौजूद श्रद्धालु ।

साध्वी अदिति भारती ने कहा कि हमारे शास्त्रों में दो प्रकार की विद्या का वर्णन है परा और अपरा। माता सरस्वती इन दोनों ही विद्याओं की प्रदायिणी है। परन्तु इस संसार की विद्या अपरा विद्या को शास्त्रों में अविद्या और परा विद्या ब्रह्म ज्ञान को ही विद्या कहा गया। ब्रह्मज्ञान ही मानव को उसके कर्म बंधनों से मुक्त कर श्रेष्ठ पथ पर अग्रसर करता है। कथा व्यास साध्वी अदिति भारती शुक्रवार को दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रामबाग में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवे दिन श्रद्धालुओं को संबोधित कर रही थी। इस दौरान उन्होंने मां के ब्रह्मज्ञान प्रदायिणी महासरस्वती के लीला प्रसंग को श्रवण करवाया। साध्वी ने बताया की मां सतगुरु रूप धारण कर अपनी संतानों को आवागमन के चक्र से मुक्त करने के लिए ब्रह्मज्ञान प्रदान करती है। जीवन की उत्कर्ष यात्रा पर उन्हें प्रशस्त करती हैं । स्वामी विवेकानंद और रामकृष्ण परमहंस, द्रोपदी और भगवान श्री कृष्ण, योगानंद परमहंस और युक्तेश्वर गिरी गुरु-शिष्य जोड़ियों का उदहरण देते हुए कथा व्यास ने बताया की इस संसार में गुरु-शिष्य का संबंध ही सर्वश्रेष्ठ है। मां सरस्वती की शिष्या लीला की जीवन गाथा का वर्णन करते हुए श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या ने मृत्यु के रहस्य को भी ग्रंथों और ऐतिहासिक केस-स्टडीज़ के माध्यम से श्रद्धालुओं के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि मृत्यु के भय से मुक्ति की युक्ति है ब्रह्मज्ञान आधारित ध्यान-साधना। उन्होंने बताया कि दिव्य गुरु आशुतोष महाराज बताते हैं कि ध्यान आंखों को बंद कर बैठना नहीं है अपितु ध्यान तृतीय नेत्र के खुल जाने के बाद प्रारंभ होता है। विद्या की प्रदायनी मां सरस्वती की कृपाओं से श्रद्धालुओं को अवगत कराते हुए कथा व्यास ने गुरु चरणों में शरणागति की प्रेरणा दी। रासेश्वरी, परम प्रेमस्वरूप राधा के श्री कृष्ण प्रेम का दिव्य आख्यान भी साध्वी अदिति ने प्रस्तुत किया। इस दिवस की कथा का समापन सरस बसंत पंचमी उत्सव से किया गया। कथा का समापन देवी मां की पावन आरती से किया गया।

---

विभागीय अधिकारियों को नालों की सफाई को लेकर दिए निर्देश

# बरसाती सीजन से पहले नालों की सफाई को लेकर एक्शन में दिखे डीसी

- सफाई व्यवस्था में बर्दाश्त नहीं होगी लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




**अंबाला।** नालों की सफाई का मुआयना करते डीसी अजय सिंह तोमर व अन्य अधिकारी।

बरसाती सीजन को देखते हुए डीसी अजय सिंह तोमर ने शुक्रवार को अंबाला छावनी में कई नालों की सफाई का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नाले नालियों की सफाई को लेकर जरुरी निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इस मौके पर उनके साथ सीईओ कैंटोनमेंट बोर्ड राहुल आनंद शर्मा, एसीयूटी राहुल कंवरिया, एसडीएम विनेश कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने नालों की सफाई व्यवस्था को लेकर नगर परिषद, सिंचाई विभाग, कैंटोनमेंट बोर्ड, रेलवे, एनएचएआई, बिजली निगम, जन स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, खनन विभाग व अन्य विभागों के अधिकारियों के मुख्य नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान जहां पर पानी निकासी में अड़चन आ रही थी उसे दुरूस्त करने बारे निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी में ड्रेनों, पंप हाउस के साथ-साथ अन्य स्थानों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया था। उसके अंतर्गत कईं स्थानों पर सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने बारे निर्देश दिए थे। उसी को लेकर डीसी ने उन स्थानों का दौरा किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सफाई व्यवस्था को लेकर काफी हद तक कार्य किया गया है। जो कुछ कार्य शेष बचा है उसे जल्द ही पूरा करने बारे निर्देश दिए गए है।उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले मानसून को ध्यान में रखते हुए हमारी सभी तैयारियां पूरी है। बब्याल पंप हाउस पर हॉट लाईन कनेक्शन चालू करने की प्रक्रिया प्रगति पर है, जल्द ही यहां पर यह कनेक्शन लग जाएगा। इसके साथ-साथ खराब पंपों को रिपेयर करवा दिया गया है । उपायुक्त अजय सिंह ने कैंटोनमेंट बोर्ड के अंतर्गत मिल्ट्री एरिया में गुडगुडिया नाले के तहत आने वाली ड्रेन की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने यहां पर सफाई की पहले की फोटो और अब की सफाई व्यवस्था की वास्तविकता को देखा। कहा कि सिंचाई विभाग इससे आगे वाले क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को बेहतर समन्वय के साथ करवाए ताकि बरसाती पानी की निकासी में किसी प्रकार की रूकावट न आए। इसी प्रकार उन्होंने पुराने रेलवे अस्पताल के नजदीक गुजर रही ड्रेन की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। रेलवे से अधिकारियों को यहां पर सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। घसीटपुर व शाहपुर टांगरी के नजदीक भी सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए यहां पर रेलवे पुल के नीचे सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के साथ-साथ सरकंडे, झाड़ को भी हटाने के निर्देश दिए गए ताकि यहां से भी बरसाती पानी की निकासी में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न आए। उपायुक्त ने यादव धर्मशाला के नजदीक गुडगुडिया नाले की भी सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने यहां पर भी सफाई व्यवस्था बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने यहां पर थोड़ी दूरी पर ही जो नाला गुजर रहा है उसकी भी सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

### सीटू के आह्वान पर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

- 26 हजार रुपये मासिक वेतन की मांग

**अंबाला।** सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) हरियाणा के आह्वान पर जिला भर में काम करने वाली आशा वर्कर्स, मिड डे मील वर्कर्स, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, ग्रामीण चौकीदार व वन मजदूर सैकड़ों की संख्या में शिक्षा सदन पर इकट्ठे हुए। यहां से सीटू जिला प्रधान बाबू राम के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए डीसी कार्यालय पहुंचे। यहां पहुंचने पर कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया। कर्मचारी 26 हजार रुपये मासिक वेतन की मांग पर कर रहे हैं। कर्मचारियों ने कहा कि अगर मांग पूरी नहीं हुई तो वह 9 जुलाई को देशभर में हड़ताल करेंगे।